भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3361**

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024

25 अग्रहायण, 1946 (शक)

**बिहार में युवा कार्यक्रमों और खेलों को बढ़ावा देना**

**3361. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा बिहार में विशेषकर भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में युवा कार्यक्रमों और खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रत्येक प्रस्ताव की तुलना में राज्य को कितनी - कितनी धनराशि आबंटित की गई है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पूरे भारत में युवा कार्यक्रमों और खेलों के संवर्धन हेतु विभिन्न स्कीमों को कार्यान्वित करता है। ये कार्यक्रम राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशिष्ट नहीं हैं।

युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत स्कीमें इस प्रकार हैं:

**(i) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) एक प्रमुख स्कीम है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित 7 उप-स्कीमों का विलय कर दिया गया है:**

1. नेहरू युवा केन्द्र संगठन
2. राष्ट्रीय युवा कोर
3. राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम

4. अंतरराष्ट्रीय सहयोग
5. युवा छात्रावास
6. स्काउटिंग और गाइडिंग संगठन को सहायता
7. राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)

(iv) हाल ही में, युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई है जो अमृत काल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और ' सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र है। यह तंत्र युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और 2047 तक अमृत भारत के सृजन के लिए अवसरों तक समान पहुंच प्रदान करेगा । बिहार में दिनांक 12.12.2024 तक कुल 1851 स्वयंसेवा के अवसरों और 32 कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है । माई भारत द्वारा भागलपुर में, कुल 88 स्वयंसेवा के अवसर और 1 एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई है ।

खेलों के संवर्धन हेतु खेल विभाग के अंतर्गत स्कीमें इस प्रकार हैं:

(i) खेलो इंडिया स्कीम 14 अक्टूबर, 2017 को शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य खेलों में जन भागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करना है। खेलो इंडिया स्कीम में निम्नलिखित 5 घटक शामिल हैं:
- खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन
- खेल प्रतियोगिताएं और प्रतिभा विकास
- खेलो भारत केंद्र- (केआईसी) और खेल अकादमियां
- फिट इंडिया मूवमेंट
- खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देना

इसके अतिरिक्त, देश में खेलों के संवर्धन हेतु विभिन्न स्पर्धाएं जैसे कि वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन, साइक्लोथॉन और फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम जैसी स्पर्धाएं और महिलाओं के लिए खेल पहल के अंतर्गत खेल और विभिन्न खेलो इंडिया महिला लीग आयोजित की जाती हैं ।

(ख) से (घ): राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। मंत्रालय द्वारा धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, न कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र- वार।

******